
# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र









नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक
Narmada Jhabua Gramin Bank
(भारत सरकार मध्य प्रदेश शासन एवं बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उपकम)
(A Joint venture of Govt. of India, M.P. Govt. & Bank of India)
(Inclusive Finance India Awards 2014 Winner)

प्रका/वि.स./2015–16/112 दिनांक 08.03.2016

श्री जितेन्द्र शाह,
व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी)
कियोस्क आईडी – 11040115
ग्राहक सेवा केन्द्र – मरदाना
शाखा – कानापुर
तहसील – बड़वाह एवं जिला – खरगोन
मो. न. 73548 34012

महोदय,

**प्रशस्ति पत्र**

हमें एनआईसीटी के ई–मेल दिनांक 25.02.2016 द्वारा सूचित हुआ है कि आपके द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र – मरदाना में एन.आई.सी.टी. प्रा. लि., इन्दौर के व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) के रूप में कियोस्क संचालन करते हुए बिजनेस फैसेलिटेटर के रूप में भी काम किया जा रहा है। आपके द्वारा एक ही दिन में आपके ग्राहक सेवा केन्द्र की लिंक शाखा कानापुर में 35 सावधि जमा खाते खुलवाए गए, जिनमें रू. 3,50,000/– की सावधि जमा राशियां शाखा कानापुर को प्राप्त हुई हैं।

आपके द्वारा किए गए उपर्युक्त उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान कार्यालय की ओर से हार्दिक बधाई। भविष्य में भी आप इसी प्रकार ग्राहक सेवा केन्द्र/बैंक के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहे ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित।

भवदीय,
(आर.एम. नायगांवकर)
महाप्रबंधक




- एनआईसीटी राजस्थान ई-मित्र टीम ने १ करोड़ रिवेन्यू लक्ष्य को पूरा किया।
- 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' की मुख्य शाखा ने एनआईसीटी बैंक मित्र श्री जितेन्द्र शाह को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।
- एनआईसीटी का यूपीएसडीएम के साथ उत्तरप्रदेश में शुरूआती ५ जिलों में कार्य हेतु अनुबंध।

- इस अंक के साथ अब आगामी प्रत्येक अंक में एनआईसीटी परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस व अन्य गतिविधियों को रखा जायेगा।

संपादक- संजय सोनी

नेटवर्क फॉर इंफॉर्मेशन एण्ड कम्प्यूटर टेक्नालॉजी

(एनआईसीटी)

NICT GROUP

# अपने पेरो पर भी खड़े हुए और दूसरों को भी सही राह दिखाई!!!

एनआईसीटी से जुड़कर सीएसपी संचालकों ने एक ऐसी मिसाल कायम की है, जो आज हर किसी के लिए ऊर्जा और प्रेरणा बनी हुई है, जी हाँ हम ऐसे ही सीएसपी संचालकों की बात कर रहे है, जिन्हें हम पिछले कुछ अंकों से परिचय कराते आ रहे है। आज के इस अंक में भी कुछ ऐसे ही और कियोस्क संचालकों का परिचय कराएगें जो अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान को जारी रखते हुए अपने हौसले और कड़ी मेहनत का परिचय दे रहें है।

इन बैंक मित्रों ने एनआईसीटी सीएसपी का संचालन करते हुए अपने क्षेत्र में स्वयं को सफल उद्यमियों की श्रेणी में शामिल किया है। जिस कारण से इन्हें एक नयी पहचान मिली है।

आइए जानते है कुछ ऐसे ही सीएसपी संचालकों के बारे में -



**श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा (३२८०३४०८) शक्तिमान चौराहा, भोपाल, मध्यप्रदेश** में एनआईसीटी सीएसपी का संचालन कर रही है। प्रीति इसके पहले अपने घर को सम्भालती थी, पर अब घर के साथ-साथ इस व्यवसाय में भी अपना एक अलग नाम कमा रही है। प्रीति शुरू से ही बैंकिंग से संबंधित कार्य करना चाहती थी, जो एनआईसीटी से जुड़ने पर सम्भव हो सका।






**श्री जन्मेजय कुमार सिंह (१८७६२३३३) हसीनावाद, झारखण्ड,** सीएसपी संचालन के पहले बतौर विद्यार्थी कार्यरत थे। जिन्होंने आज एनआईसीटी के संपर्क में आकर अपनी मासिक आय को तो सुनिश्चित किया ही है, साथ ही क्षेत्रीय लोगों को वित्तीय समावेशन से भी जोड़ा है।

आज जन्मेजय कुमार अपने करियर की इस शुरूआत से सतुष्ट है।





**श्री प्रकाश शर्मा (३२८०१५६६) सीएसपी के पहले इन्श्योरेन्स कम्पनी में बतौर ब्रांच मैनेजर कार्यरत थे।** उसके बावजूद इन्होंने एनआईसीटी के साथ को चुना और भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ में एनआईसीटी सीएसपी की शुरूआत की। आज हजारों लोगों को इन्होंने बैंकिंग के फायदे बताए व कई शासकीय योजनाओं से जोड़ा।






**श्री सत्य प्रकाश मंडल (ए१७६६५४६) रायरंगपुर, उड़ीसा** के निवासी और अपने ही क्षेत्र में इन्होंने एनआईसीटी सीएसपी संचालन का कार्य शुरू किया है, सत्यप्रकाश आज एक सफल क्षेत्रीय स्तर उद्यमी के तौर पर विख्यात है। क्षेत्रीय लोगों को जागरूक कर बैंकिंग से जोड़कर सत्यप्रकाश ने एक अलख जगाई है। जिसके प्रभाव से हजारों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।



# मध्यप्रदेश

**एनआईसीटी बैंक मित्र श्री जितेन्द्र शाह द्वारा सराहनीय कार्य।**
**‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’ की मुख्य शाखा ने श्री जितेन्द्र शाह को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।**



नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक
Narmada Jhabua Gramin Bank
(भारत सरकार मध्य प्रदेश शासन एवं बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint venture of Govt. of India, M.P. Govt. & Bank of India)
(Inclusive Finance India Awards 2014 Winner)

प्रका/वि.स./2015–16/112 — दिनांक 08.03.2016

श्री जितेन्द्र शाह,
व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी)
कियोस्क आईडी – 11040115
ग्राहक सेवा केन्द्र – मरदाना
शाखा – कानापुर
तहसील – बड़वाह एवं जिला – खरगोन
मो. न. 73548 34012

महोदय,

**प्रशस्ति पत्र**

हमें एनआईसीटी के ई–मेल दिनांक 25.02.2016 द्वारा सूचित हुआ है कि आपके द्वारा ग्राहक सेवा केन्द्र – मरदाना में एन.आई.सी.टी. प्रा. लि., इन्दौर के व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) के रूप में कियोस्क संचालन करते हुए बिजनेस फैसेलिटेटर के रूप में भी काम किया जा रहा है। आपके द्वारा एक ही दिन में आपके ग्राहक सेवा केन्द्र की लिंक शाखा कानापुर में 35 सावधि जमा खाते खुलवाए गए, जिनमें रू. 3,50,000/– की सावधि जमा राशियां शाखा कानापुर को प्राप्त हुई हैं।

आपके द्वारा किए गए उपर्युक्त उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान कार्यालय की ओर से हार्दिक बधाई। भविष्य में भी आप इसी प्रकार ग्राहक सेवा केन्द्र/बैंक के लिए उत्कृष्ट कार्य करते रहे ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित।

भवदीय,
(आर.एम. नायगांवकर)
महाप्रबंधक

एनआईसीटी- श्री जितेन्द्र शाह ने एक ही दिन में ‘मुख्यमंत्री कन्यादान योजना’ के अंतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त अनुदान राशि की एफडी करवायी जो शाखा को ०३ लाख ५० हजार रूपये के रूप में प्राप्त हुए। इस बावत् श्री जितेन्द्र शाह को ‘नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक’ की मुख्य शाखा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जो जितेन्द्र के होसले को बढाता है।

# उत्तरप्रदेश

**ग्राम रानीगंज, प्रतापगढ़ में ‘बैंक ऑफ़ इंडिया’ कियोस्क का उद्घाटन।**





दिनांक ११ मार्च २०१६ को ग्राम रानीगंज अजगर, जिला प्रतापगढ़ में ‘बैंक ऑफ़ इंडिया’ के ‘ग्राहक सेवा केन्द्र’ का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन श्री रविन्द्र कुमार (शाखा प्रबंधक - लीलापुर प्रतापगढ़) द्वारा किया गया। साथ में एनआईसीटी से एरिया मैनेजर श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव व राजेश कुमार (सीपी) उपस्थित रहे।
इस केन्द्र में बैंकिंग के अलावा आईआरसीटीसी, इन्श्योरेन्स आदि की सेवाएँ दी जाती है।
कियोस्क संचालक श्री अतुल कुमार है।

# ‘उत्तरप्रदेश कौशल विकास मिशन’ एवं ‘एनआईसीटी’ के बीच अनुबंध!!

एनआईसीटी ने यूपीएसडीएम के साथ उत्तरप्रदेश में शुरूआती ५ जिलों में कार्य हेतु अनुबंध किया है। जिसके अंतर्गत एनआईसीटी उत्तप्रदेश के अमेठी, श्रावस्ती, गोन्डा, वाराबंकी और सम्भल जिलों में ‘कौशल विकास मिशन’ चलाने के लिए अधिकृत होगा।

## ‘‘सबको हुनर सबको काम’’

उत्तरप्रदेश सरकार ने कौशल विकास मिशन को व्यवसायिक प्रशिक्षण का पर्याय मानते हुए राज्य के नौजवानों को तरक्की का अवसर देकर विकास में भागीदारी बनाया है। जो कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। तमाम विभागों द्वारा संचालित कौशल विकास की योजनाओं को समन्वित और एकीकृत ढंग से लागू करने के मकसद से राज्य सरकार ने कौशल विकास मिशन का गठन किया है।
एनआईसीटी द्वारा गोन्डा जिला के ५ केन्द्रों में अभी तक २०० से ज्यादा पंजीकरण किए जा चुके है। इन केन्द्रों में डीटीपी व कम्प्यूटर एकाउन्टिग आदि कोर्स उपलब्ध है।

एनआईसीटी द्वारा इस प्रोजेक्ट को मुख्य तौर से श्री शेखर वर्मा (टेरिटरी मैनेजर- एनआईसीटी) श्री सुरेश वैस (स्किल डेवलेपमेन्ट मैनेजर-एनआईसीटी) व श्री आकाश रस्तोगी (एसपीएम- उत्तरप्रदेश) का संचालन प्राप्त होगा।









(प्रथम अनुबंध- ‘कौशल विकास मिशन केन्द्र’ संचालक श्री शेसनारायण दुबे के साथ) श्री शेखर वर्मा (टेरिटरी मैनेजर) व श्री आकाश रस्तोगी (एसपीएम- उत्तरप्रदेश) उपस्थित रहे।

# उत्तरप्रदेश

## ग्राम साहेबगंज, प्रतापगढ़ में 'बैंक ऑफ़ बडौदा' कियोस्क का उद्घाटन।





दिनांक १२ मार्च २०१६ को ग्राम साहेबगंज, जिला प्रतापगढ़ में 'बैंक ऑफ़ बडौदा' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन श्री बनवीर कच्छ (शाखा प्रबंधक-प्रतापगढ़) द्वारा किया गया। साथ ही एनआईसीटी से एरिया मैनेजर श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव व राजेश कुमार (सीपी) उपस्थित रहे।

इस केन्द्र में बैंकिंग के अलावा आईआरसीटीसी, पेन कार्ड, इन्श्योरेन्स आदि की सेवाएँ दी जाती है। कियोस्क संचालक श्री अमित कुमार है।

# उत्तरप्रदेश

## ग्राम नियाईपु चौबारा, उत्तरप्रदेश में 'बीओबी' कियोस्क का शुभारम्भ।








एनआईसीटी- दिनांक १५ मार्च २०१६ को ग्राम नियाईपु चौबारा, जिला इलाहावाद में 'बैंक ऑफ बडौदा' के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन संबंधित शाखा प्रबंधक, श्री रजनीश श्रीवास्तव (बीडीएम- श्री सुरेन्द्र पटेल (चेनल पार्टनर) की उपस्थिति में किया गया।

कियोस्क संचालक श्री अनूप कुमार प्रजापत है।

## राजस्थान

**एनआईसीटी राजस्थान ई-मित्र टीम ने १ करोड़ रिवेन्यू लक्ष्य को पूरा किया।**

फरवरी माह में राजस्थान ई-मित्र टीम ने अपनी मेहनत और कार्यकौशल से एक करोड़ रिवेन्यू के लक्ष्य को पूरा कर दिखाया, जो टीम के संचालन की उत्कृष्ट्रता को दर्शाता है।



श्री युगदीप सिंह (एसपीएम-राजस्थान) व श्री कुलदीप सिंह (ई-मित्र टीम-संचालक) ने संचालन में इस लक्ष्य को हासिल किया गया। टीम को बधाई।




## राजस्थान

**कालाडेरा, राजस्थान में 'एसबीआई' 'ग्राहक सेवा केन्द्र' की शुरूआत।**


आमजन बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाएं-शर्मा

ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन





एनआईसीटी- २० फरवरी २०१६ को कालाडेरा, राजस्थान में 'एसबीआई' के 'ग्राहक सेवा केन्द्र' का शुरूआत की गई। उद्घाटन श्री रामलाल शर्मा विधायक श्रीमती अर्चना कुमावत (अध्यक्ष- नगर पालिका,चोमु) व श्री मदन कुमावत (चैनल पार्टनर- एनआईसीटी) की उपस्थिति में किया गयज्ञं

कियोस्क संचालक श्रीमती ममता कुमावत (ID- 1A767956 ) हैं।

# BIRTHDAY CELEBRATION OF NICT EMPLOYEE



Birthday celebration of Mr. Shashank Gawde (Programmer-NICT)

11 March 2016

With shri Sanjay Mishra (GM-Account) Vajid Khan (HR Admin.-NICT) & Team

Birthday celebration of Mr. Arvind Yadav (Tech. Support-NICT)

08 March 2016

With Akhtar kidbai Sir, And shri Madhusudan Johri, shri Akash Walter (HR-manager-NICT)



## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

सभी को ‘‘**संपर्क**’’ के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई-मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा लोगों तक पहुँच सकते है, एनआईसीटी के प्रयासों को अपने सुझावों के द्वारा प्रभावी बनाने में समर्थ है।

किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ‘‘सिने इंडिया’’ प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

विश्वास है, कि हम उन जो ‘संपर्क’ के माध्यम से भलिभांति समझ पा रहे है व हमारे प्रयासों को और

न्यूज़लेटर ‘‘संपर्क’’ के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई-मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट -
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB-108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in